भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-487**
उत्तर दिनांक 24/07/2025 को दिया गया

## परमाणु ऊर्जा अनुसंधान एवं स्थानीय विकास

487. # श्री प्रदीप कुमार वर्मा

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या झारखंड में परमाणु खनिज संसाधनों पर आधारित कोई अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (आर एंड डी लैब) स्थापित करने की योजना है;

(ख) क्या जादूगोड़ा और आसपास के क्षेत्र को 'परमाणु खनन क्लस्टर' के रूप में विकसित करने के लिए कोई कार्यनीति तैयार की गई है; और

(ग) परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा झारखंड के तकनीकी संस्थानों (जैसे आईआईटी-आईएसएम धनबाद, एनआईटी जमशेदपुर आदि) के साथ कौन-कौन सी अनुसंधान परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क), (ख) व (ग) परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के अंतर्गत एक अनुदान प्राप्त संस्थान, राष्ट्रीय उच्चतर गणित बोर्ड (एनबीएचएम) ने झारखंड के तकनीकी संस्थानों के सहयोग से आईआईटी-आईएसएम धनबाद में दो अनुसंधान परियोजनाओं को सहायता प्रदान की है। ये परियोजनाएँ शुद्ध और अनुप्रयुक्त गणित के क्षेत्र में हैं और इनका उद्देश्य गणितीय विज्ञान में उच्च-गुणवत्ता वाले अनुसंधान, क्षमता निर्माण और शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। ये परियोजनाएँ एनबीएचएम अनुसंधान अनुदान योजना के अंतर्गत वित्त पोषित हैं, जो मान्यता प्राप्त संस्थानों में संकाय द्वारा संचालित अनुसंधान को सहायता प्रदान करती है।

*****